(ii) 'वह अपनी पारंपरिक पोशाक के साथ कमर में सदैव एक लकड़ी की तलवार बाँधे रहता था ।' इस वाक्य का मिश्र वाक्य में रूपांतरित वाक्य कौन-सा है ? **1**

(a) यद्यपि वह अपनी पारंपरिक पोशाक में रहता था फिर भी कमर में लकड़ी की एक तलवार हमेशा बाँधे रहता था ।

(b) वह अपनी पारंपरिक पोशाक में रहता और कमर में सदैव एक लकड़ी की तलवार बाँधे रहता ।

(c) वह अपनी पारंपरिक पोशाक के साथ ही कमर में सदैव एक लकड़ी की तलवार बाँधे रहता ।

(d) वह अपनी पारंपरिक पोशाक पहनता और उसके साथ सदैव एक लकड़ी की तलवार बाँधे रहता ।

(iii) 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' विषय के आधार पर लिखिए कि निम्नलिखित में से कौन-सा कथन उपयुक्त है ? **1**

(a) वाक्य रूपांतरण करते समय उसके भाव को ही देखना चाहिए ।

(b) वाक्य रूपांतरण के दौरान उसके अर्थ को भी परिवर्तित होना चाहिए ।

(c) वाक्य रूपांतरण के दौरान उसके अर्थ में परिवर्तन नहीं आना चाहिए ।

(d) वाक्य रूपांतरण के दौरान उसके अर्थ-भाव दोनों में परिवर्तन होना चाहिए ।

(iv) निम्नलिखित में सरल वाक्य नहीं है : **1**

(a) आप जो कुछ कह रहे हैं वह सच है ।

(b) अम्माँ-दादा को दुनिया का हमसे ज़्यादा तजुरबा है ।

(c) मुझसे और तुझमें सिर्फ पाँच साल का अंतर है ।

(d) मेरे देखते तुम इस तरह बेराह न चलने पाओगे ।

(v) 'मुझे अपने ऊपर अभिमान होने के साथ-साथ गर्व भी है ।' वाक्य-रचना की दृष्टि से यह कौन-सा वाक्य है ? **1**

(a) मिश्र वाक्य (b) सरल वाक्य

(c) संयुक्त वाक्य (d) सामान्य वाक्य



https://www.evidyarthi.in/

